यूपीकैटेट के लिए 30 अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन

जासं, बांदाः उत्तर प्रदेश कंबाइंड एग्रीकल्चर और टेक्नोलॉजी एंट्रेंस टेस्ट (यूपीकैटेट-2022) के लिए आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। स्नातक, परास्नातक और पीएचडी में दखिले के लिए 30 अप्रैल तक आवेदन किया जा सकता है।

कृषि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. एसके सिंह के अनुसार अभ्यर्थियों को एक से पांच मई तक आवेदन फार्म में सुधार करने का मौका दिया जाएगा। परीक्षा 16 और 17 जून को होगी। प्रवेश पत्र परीक्षा से 15 दिन पहले वेबसाइट पर अपलोड किए जा सकते हैं। काउंसलिंग प्रक्रिया तीन जुलाई से शुरू होगी।

ऐसे करें आवदेन

- सबसे पहले upcatetexam.org पर जाएं।
- होम पेज पर Latest update @ UPCATET में रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करें।
- यूपीकैटेट 2022 एप्लीकेशन फार्म खुल जाएगा।
- एप्लीकेशन फार्म भरें और संबधिक कागजात अपलोड करें।
- एप्लीकेशन फीस जमा करके सबमिट करें। आवेदन जमा होने के बाद इसका प्रिंट निकाल सकते हैं।

- एक से पांच मई तक आवेदन फार्म में सुधार करने का मिलेगा मौका
- परीक्षा से 15 दिन पहले अपलोड किए जा सकते हैं प्रवेश पत्र

इन पाठ्यक्रमों में बढ़ रही रुचि

बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के कुलपति प्रो. नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वर्तमान में बीएससी कृषि, उद्यान, वानिकी, गृह विज्ञान, बीवीएससी एंड एएच, बीटेक इन बायो टेक्नोलाजी, फूड टेक्नोलाजी, कृषि इंजीनियरिंग, डेयरी टेक्नोलाजी जैसे पाठ्यक्रमों में अभ्यर्थियों की रुचि बढ़ रही है। यूपीकैटेट के माध्यम से इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया जा सकता है।

परीक्षा के संबंध में यह भी जानें

- परीक्षा की अवधि तीन घंटे होगी। प्रश्नपत्र अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में होगा।
- प्रत्येक प्रश्न पत्र में 600 अंकों के 200 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। प्रत्येक सही उत्तर के लिए तीन अंक मिलेंगे और गलत जवाब पर निगेटिव मार्किंग के तौर पर एक अंक काटा जाएगा।
- परिणाम आने के बाद बाद काउंसलिंग प्रकिया तीन-तीन राउंड में आयोजित की जाएगी।

ये है आवेदन शुल्क

डा.बीके गुप्ता ने बताया कि सामान्य और पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को 1250 रुपये व आरक्षित वर्ग के लिए 1050 रुपये आवेदन शुल्क है।

यहां ले सकेंगे प्रवेश

कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या, चंद्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर व सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ में प्रवेश लिया जा सकता है।